# राजकीय महाविद्यालय बनबसा चम्पावत (उत्तराखंड)

## देव भूमि उद्यमिता ओरिएंटेशन प्रोग्राम

### क्रियान्वयन तिथि: 17.04.2026

### सारांश

देहभूमि उद्‌यमिता (Debhoomi Udyamita) का तात्पर्य स्थानीय भूमि एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के माध्यम से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं आर्थिक विकास के अवसर सृजित करना है। यह अवधारणा भूमि-आधारित पारंपरिक कौशल, कृषि-उत्पादन, वानिकी, जल प्रबंधन, पशुपालन तथा स्थानीय हस्तशिल्प को उद्‌यमिता से जोड़ती है। देहभूमि उद्‌यमिता के अंतर्गत छोटे स्तर के प्रसंस्करण उद्‌योग, जैविक खेती, मत्स्य पालन, मशरूम उत्पादन, बांस एवं घास के उत्पाद, और पर्यटन से जुड़ी गतिविधियाँ शामिल की जा सकती हैं। इसका उद्‌देश्य पलायन रोकना, महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनानाए पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना तथा न्यूनतम निवेश में स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन करना है। उचित प्रशिक्षण, सूक्ष्म वित्तीय सहायता और बाजार कनेक्टिविटी से देहभूमि उद्‌यमिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



जयेन्द्र विक्रम
प्रोजेक्ट मैनेजर



डॉ. राजीव कुमार सक्सेना
कार्यक्रम अधिकारी




डॉ. आनन्द प्रकाश सिंह
प्राचाय

# विस्तृत आख्या

आज दिनांक 17 अप्रैल 2006 को राजकीय महाविद्यालय बनबसा में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना (DUY) के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन (जागरूकता) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं छात्रा अनुष्का तथा उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान एवं सुमधुर स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं विशेषज्ञ के रूप में देवभूमि उद्यमिता योजना के प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री जयेन्द्र जी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए जॉब सीकर की बजाय जॉब क्रिएटर बनने का मूलमंत्र दिया तथा बताया कि कैसे युवा अपने नवाचारी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद प्रकाश सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि बौद्धिक क्षमता, नवाचार एवं उद्यमिता का सर्वांगीण विकास आवश्यक है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार (समाजशास्त्र विभाग) के कुशल संयोजन एवं देखरेख में कार्यक्रम का सुचारू संचालन हुआ। पूरे कार्यक्रम का अत्यंत सफल संचालन हिन्दी विभाग के प्राध्यापक श्री हेम कुमार गहतोड़ी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के स्वयंसेवियों, रोवर्स रेंजर्स, पत्र संघ के पदाधिकारियों, सभी प्राध्यापकगणों तथा छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया। अंत में नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। इस आयोजन ने छात्रों में उद्यमिता के प्रति जागरूकता एवं प्रेरणा का संचार किया।

# प्रेस रिपोर्ट



कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत

प्रेस विज्ञप्ति                                        दिनांक: 17 अप्रैल 2026

आज दिनांक 17 अप्रैल 2026 को राजकीय महाविद्यालय बनबसा में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी 'देवभूमि उद्यमिता योजना' (DUY) के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन (जागरूकता) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय में इस योजना के नोडल अधिकारी, डॉ. राजीव कुमार (समाजशास्त्र विभाग) के कुशल संयोजन एवं देखरेख में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं विशेषज्ञ के रूप में 'देवभूमि उद्यमिता योजना' के प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री जयेन्द्र जी उपस्थित रहे। श्री जयेन्द्र जी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उद्यमशीलता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने अपने प्रभावशाली संबोधन में छात्रों को 'जॉब सीकर' (नौकरी की तलाश करने वाले) की बजाय 'जॉब क्रिएटर' (रोजगार सृजनकर्ता) बनने का मूलमंत्र दिया और बताया कि कैसे युवा अपने अभिनव विचारों को एक सफल स्टार्टअप में बदल सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्राचार्य जी ने कहा कि आज के समय में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्रों के भीतर बौद्धिक क्षमता, नवाचार और उद्यमिता का सर्वांगीण विकास होना अत्यंत आवश्यक है। यह योजना युवाओं के सपनों को उड़ान देने का एक सशक्त माध्यम है।

इससे पूर्व, कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और छात्रा अनुष्का एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत एक सुमधुर स्वागत गीत के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम का अत्यंत सफल , ऊर्जावान एवं सुव्यवस्थित संचालन हिन्दी विभाग के प्राध्यापक श्री हेम कुमार गहतोड़ी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ( NSS) इकाई के स्वयंसेवियों, रोवर्स-रेंजर्स, छात्र संघ के पदाधिकारियों, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगणों और छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह व अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया। अंत में नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार द्वारा सभी अतिथियों , प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की गई।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत

[https://himalayasamachar.com/government-college-banbasa-organized-a-one-day-awareness-program-under-the-devbhoomi-entrepreneurship-scheme-run-by-the-higher-education-department/](https://himalayasamachar.com/government-college-banbasa-organized-a-one-day-awareness-program-under-the-devbhoomi-entrepreneurship-scheme-run-by-the-higher-education-department/)

[https://goonjj.com/(S(zbmnwmmuf0wpyxudr4bwgmcd))/Public/GetPostById?PostId=42526](https://goonjj.com/(S(zbmnwmmuf0wpyxudr4bwgmcd))/Public/GetPostById?PostId=42526)




उच्च शिक्षा विभाग
उत्तराखण्ड सरकार
देवभूमि उद्यमिता योजना
एक दिवसीय
उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम
राजकीय महाविद्यालय, बनबसा
भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद




देवभूमि उद्यमिता योजना
देवभूमि उद्यमिता योजना
2026.04.17 11:08






2026.04.17 11:40


देवभूमि उद्यमिता योजना


राजकीय
महाविद्यालय
बनबसा
चम्पावत (उत्तराखण्ड)
















योजना
















उद्यमिता योजना